संख्या 3/2/2017-नी.एवं यो.।
कर्मचारी चयन आयोग

कांस्टेबल(सामान्य ड्यूटी) परीक्षा, 2018 के अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण, एस. एस. एफ. में कांस्टेबल(सामान्य ड्यूटी) तथा असम राइफल्स में राइफलमैन(सा.ड्यूटी) परीक्षा, 2018 के आवेदक कृपया ध्यान दें कि उक्त परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदनों के प्रस्तुतीकरण की सुविधा 25.07.2018 से आरम्भ की गई थी । तथापि, आवेदनों की अत्याधिक संख्या के कारण, आयोग की नई वेबसाइट बहुत धीमी हो गई है और अभ्यर्थी एक-बारगी पंजीकरण और ऑनलाइन आवेदनों के प्रस्तुतीकरण करने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

अभ्यर्थियों को हो रही असुविधा को दूर करने के लिए, दिनांक **28.07.2018(रात्रि 8:00 बजे)** से 20 दिन की अवधि के लिए उक्त परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदनों की प्राप्ति को अस्थायी रूप से रोकने का निर्णय लिया गया है। **अस्थायी स्थगन अर्थात 28.07.2018 से 16.08.2018** की अवधि के दौरान, आयोग द्वारा आवेदनों की अत्यधिक संख्या के अनुरूप ऑनलाइन प्रणाली की क्षमता में वृद्धि की जाएगी, जिसमें आगामी दिनों के दौरान वृद्धि होने की संभावना है।

वे अभ्यर्थी, जिन्होंने नई वेबसाइट पर पहले ही पंजीकरण कर लिया है, उन्हें आश्वस्त किया जाता है कि उनका डाटा आयोग के पास सुरक्षित है और उन्हें दोबारा पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं होगी।

यह ध्यान दिया जाए कि ऑनलाइन आवेदनों की प्राप्ति दिनांक 17.08.2018 को प्रात: 10:00 बजे से आरम्भ होगी। तदनुसार ऑनलाइन आवेदनों के प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 17.09.2018 (सायं 5:00 बजे) तक बढ़ा दी जाएगी। भारतीय स्टेट बैंक के चालानों के माध्यम से भुगतान, भारतीय स्टेट बैंक की विनिर्दिष्ट शाखाओं में बैंक के कार्य-समय के भीतर 20.09.2018 तक किया जा सकता है, बशर्ते कि चालानों को आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख और समय से पूर्व तैयार कर लिया गया हो। अन्य निबंधन और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

अवर सचिव(नी. एवं यो.।)

28.7.2018